प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान काॅलेज का श्रीराम इंस्टीट्यूट फाॅर इंडस्ट्रीयल रिसर्च दिल्ली के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित

छात्रों की कल्पनाओं को बाजार के अनुरूप बनायेगा श्रीराम लैब

विगत दिवस शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान काॅलेज आॅफ साइंस एण्ड टेक्नोलाॅजी एवं इंस्टीट्यूट फाॅर इंडस्ट्रीयल रिसर्च दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापित किया गया जिसके तहत दोनों संस्थानों के निदेषकों ने सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर कर एक दूसरे को समझौता पत्र सौंपा।

श्रीराम इंस्टीट्यूट फाॅर इंडस्ट्रियल रिसर्च दिल्ली भारत का एक प्राचीनतम एवं अग्रणी संस्थान है जो मटेरियल साइंस, एनालाइटिकल साइंस, जीव विज्ञान, मेडीकल व सर्जीकल के विकरण उत्पाद एवं गुणवत्ता आष्वासन के आदि के क्षेत्रों में शोध एवं नवोन्मेष पर कार्य करता है।

इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेषन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक आचार्य एवं एम.ओ.यू. कार्यक्रम के समन्वयक श्री टी.एस.एस.एस. सैंथिल ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुये एम.ओ.यू. में निहित बिन्दुओं पर प्रकाष डाला और कहा कि इस समझौते से दोनों संस्थानों के बीच इनक्यूवेषन, उद्‌यमषीलता, स्टार्टअप एक्टीविटीज को बढ़ावा मिलेगा साथ ही अंतर संकाय, अंतर अनुषासनिक शोधों में भी विषेष द्‌वार खुलेंगे।

संस्थान के निदेषक डाॅ. राजीव कुमार उपाध्याय ने इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए श्रीराम इंस्टीट्यूट फाॅर इंडस्ट्रियल रिसर्च दिल्ली के निदेषक डाॅ. के. एम. चाको का धन्यवाद एवं आभार जताया और कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के छात्रों एवं षिक्षकों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे नैनो मटेरियल्स के गैस एवं कैमीकल सैंसिंग उपयोग, टोक्सीकोलोजीकल एवं जैव विज्ञानिक अध्ययन एवं अपषिष्ट प्रबंधन में शोध पर नये-नये अवसर प्रदान करेगा और दोनों ही संस्थानों के शोध छात्र-छात्राओं को भविष्य में नवोन्मेष विचारों के आदान-प्रदान से नई राहें विकसित होंगी जो शोध को नये आयाम प्रदान करेंगी।

संस्थान के मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता दोनों संस्थानों के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन पर हर्ष जताते हुये कहा कि यह समझौता शोध छात्रों एवं षिक्षक सदस्यों के ज्ञानवर्धन में सहायक होगा। जब षिक्षक और छात्र अत्याधुनिक तकनीक से रूबरू होेते हैं तो निष्चिित ही उनकी ज्ञान एवं बुद्‌ धि क्षमता के आयाम असीमित हो जाते हैं।

एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर के दौरान श्रीराम इंस्टीट्यूट के सहायक निदेषक डाॅॅ. ए.के. त्यागी, तकनीकी प्रबंधक डाॅ. भूपेष शर्मा, शारदा ग्रुप के समस्त विभागाध्यक्ष एवं षिक्षकगण उपस्थित रहे।